परेशानी | मेन राइजिंग लाइन का सुधार कार्य जारी

2 दिन और लगेगा, तीसरे दिन से शुरू होगी जलापूर्ति

कोतवाली, मोतीनाला, देवताल और सूपाताल के इलाके में परेशान हो रहे लोग

एक साल में तीसरी बार फूटी है मेन लाइन

नवभारत,जबलपुर। शहर की 19 पानी टंकियों को सप्लाई देने वाली रमनगरा वाटर फिल्टर प्लांट की मेन राइजिंग लाइन का सुधार कार्य पूरा होने में अभी 2 दिन और लगेंगे। तीससे दिन से फिर पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। ये खबर कोतवाली, मोतीनाला, देवताल और सूपाताल क्षेत्र के रहवासियों के लिए राहत वाली हो सकती है क्योंकि यहां के लोग पानी के लिए काफी परेशान हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार नगर निगम की वैकल्पिक 1 हजार मिलीमीटर की पाइपलाइन से जो पानी की सप्लाई की जा रही है उसका पानी कोतवाली, मोतीनाला, देवताल और सूपाताल की टंकियों तक नहीं पहुंच पाता है।

हालांकि नगर निगम द्वारा दावा किया जा रहा है कि टैंकरों के माध्यम से शहर के सभी इलाकों में जलापूर्ति की जा रही है लेकिन हकीकत में कई इलाकों के लोग पानी के लिए जद्दोजहद करते देखे जा रहे हैं। और ये समस्या लोगों के लिए अभी 2 दिन तक और बनी रहेगी। गौरतलब है कि 25 सितंबर को भी रमनगरा वाटर फिल्टर प्लांट की मेन राइजिंग लाइन फूट गई थी। जिसका सुधार कार्य 3 अक्टूबर को हुआ था, फिर रात 12.15 बजे ही दोबारा लाइन फूट गई। जिसका सुधार कार्य अभी भी जारी है। पाइप लाइन फूटने के कारण कोतवाली, मोतीनाला, देवताल और सूपाताल की टंकियों से सप्लाई पूरी तरह बंद हैं।जिससे यहां के हालात बिगड़ते चले जा रहे हैं। इसके पहले वर्ष 2025 में मार्च माह में पहली बार लाइन फूटी थी। मतलब अभी तक 1 साल में कुल 3 बार रमनगरा की मेन राइजिंग लाइन फूट चुकी है।

इस साल हुई है अच्छी बारिश

विदित हो कि शहर में इस साल अच्छी बारिश हुई है। नदी, तालाब सभी पानी से लबालब हैं। इसके बावजूद लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। शहर की आबादी लगभग 15 लाख है और आधी से ज्यादा आबादी को रमनगरा वॉटर फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई किया जाता है।

इनका कहना है

रमनगरा वाटर फिल्टर प्लांट की मेन राइजिंग लाइन का सुधार कार्य जारी है। अभी सुधार कार्य में 2 दिन और लगेंगे फिर तीसरे दिन यानि 10 अक्टूबर से पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

कमलेश श्रीवास्तव
कार्यपालन यंत्री, ननि

सूदखोरों से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

आगा चौक में शव रखकर चक्काजाम

जबलपुर। लार्डगंज थाना अंतर्गत रविनगर गढा फाटक बाल भवन के पीछे रहने वाले एक युवक ने जहरीली वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि मृतक ने सूदखोरों से तंग आकर सुसाइड किया है। परिजनों ने स्थानीयजनों के साथ मंगलवार को आगा चौक में शव रखकर प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पहुंचकर गुस्साएं परिजनों को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वसन दिया जिसके बाद परिजन माने और शव यात्रा अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुई। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात्रि लगभग 08.45 बजे इंद्र कुमार अहिरवार पिता डालचंद अहिरवार 35 वर्ष निवासी 554 रविनगर गढा फाटक बाल भवन के पीछे लार्डगज ने जहरीली वस्तु का सेवन करने कर लिया था जिसे भाई उमाशंकर अहिरवार द्वारा उपचार के लिए मेडीकल कालेज लाया गया था डाक्टर ने चैक कर इंद्रकुमार अहिरवार को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। मंगलवार को पीएम के बाद जब शव घर पहुंचा तो आक्रोश भड़क गया। आक्रोशित परिजनों ने क्षेत्रीय लोगों के साथ द्वारा युवा का शव आगा चौक पर रखकर प्रदर्शन कर चक्काजाम किया।

आधे घंटे तक प्रदर्शन, प्रकरण दर्ज नहीं तो होगा एसपी ऑफिस का घेराव

गुस्साएं लोगों ने आधे घंटे तक चक्काजाम किया। इस दौरान आक्रोशितजनों ने बताया कि मृतक को सूदखोर परेशान कर रहे थे। जिसके चलते उसने आत्महत्या की है। पुलिस को सूदखोरों के नाम भी परिजनों द्वारा बताये गए है। साथ ही उनके खिलाफ एफआईआर की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया जसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। साथ ही चेतावनी दी गई कि जल्दी अगर मामला दर्ज नही किया गया तो क्षेत्रीय जन एवं हिन्दू सेवा परिषद् द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

हड़ताल खत्म होने के बाद कार्य में आई तेजी



रादुविवि में जल्द होंगे परीक्षा परिणाम घोषित, छात्रों को मिली राहत

नवभारत,जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की 26 दिनों तक चली हड़ताल के समाप्त होने के बाद विश्वविद्यालय में कार्य गति पकड़ने लगा है। लंबे समय से रुके शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में अब तेजी से प्रगति देखी जा रही है। विशेष रूप से परीक्षा परिणामों की घोषणा की दिशा में तीव्रता लाई गई है, जिससे छात्रों को जल्द बड़ी राहत मिलने की संभावना है।उल्लेखनीय है कि कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर बीते महीने हड़ताल की गई थी, जिसके चलते विश्वविद्यालय का सारा प्रशासनिक व परीक्षा संबंधी कार्य लगभग ठप हो गया था। जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन और कर्मचारी संघ के बीच हुई चर्चा के सकारात्मक परिणामस्वरूप हड़ताल का समाधान निकला और कर्मचारी पुन: कार्य पर लौट आए हैं। सूत्रों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में एलएलबी सहित अन्य कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जा सकते हैं।

स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम के बिना हार्वेस्टरों को नहीं मिलेगी एंट्री

नवभारत,जबलपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राघवेन्?द्र सिंह ने जिले में पराली-नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए फसल कटाई में उपयोग होने वाले सभी कम्बाईन हार्वेस्टरों में स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम (एस.एम.एस.) अनिवार्य किये जाने के आदेश जारी किया है। जिसमें उन्होंने सभी टोल नाका प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि फसल कटाई के लिए आने वाले कम्बाईन हार्वेस्टरों को बिना स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम के जिले के अंदर टोलनाकाओं से प्रवेश न दिया जाये।

होटल संचालक पर तानी रिवाल्वर, चलाई गोलियां

काउंटर में झुककर मालिक ने बचाई जान, ग्राहकों, कर्मचारियों में मची भगदड़

बस स्टैंड चौकी से चंद कदम की दूरी पर फिल्मी स्टाइल में वारदात,

जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत बस स्टैंड चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित होटल में फिल्मी स्टाइल में मंगलवार शाम बदमाश घुसा और सीधे काउंटर पर बैठे होटल संचालक पर रिवाल्वर तान दी और हत्या करने के इरादे से दनादन तीन से राउंड फायर किए। गनीमत रही कि हमले में होटल मालिक काउंटर के नीचे झुक गया और बाल बाल बच गया लेकिन कांच टूट गए वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन करते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक अश्वनी पारिया 43 वर्ष निवासी गेट न. 4 ने का अभिनंदन वेज रेस्टोरेंट बस स्टैण्ड में है। अश्वनी पारिया मंगलवार दोपहर से काउंटर पर बैठे थे शाम करीब 4:22 बजे एक बदमाश रिवाल्वर लेकर घुसा और सीधे फायर कर दिया पहला राउंड चला नहीं तो इसके बाद ताबड़तोड़ तीन राउंड गोलियां चला दी। होटल मालिक जान बचाने के लिए काउंटर के नीचे झुक गए और उन्हें गोली नहीं लग पाई। इसके बाद गोली चलाने वाला बाहर मोटर सायकिल में पहले से बैठे अपने साथी के साथ बैठकर फरार हो गया। अचानक वारदात से होटल में बैठे ग्राहकों में दहशत फैल गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी और ग्राहक इधर उधर भागने लगे थे।

हमलावर सफेद शर्ट में रिवाल्वर लेकर घुसा

वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ग्राहक भोजन कर रहे है, मालिक काउंटर पर बैठा हुआ है इसी बीच एक युवक सफेद शर्ट पहने हाथ में रिवाल्वर लेकर होटल में बेखौफ घुसता है और सीधे काउंटर पर बैठे होटल मालिक पर फायरिंग करने लगा था काउंटर के में कांच लगा हुआ था जिसके चलते गोली कांच में धंसी और कांच टूटा। इस बीच दहशत में आया मालिक काउंटर के नीचे झुक जाता जिसके बाद हमलावर वापस मेन गेट की ओर चला गया। फायरिंग के दौरान ग्राहक भागते नजर आ रहे है।

पुलिस-विधायक मौका ए-वारदात पर पहुंचे

मामले की सूचना मिलते ही मदनमहल थाना प्रभारी संगीता सिंह, बस स्टैंड चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव पुलिस बल के साथ मौका-ए-वारदात पर पहुंच गए थे मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई। सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए। संचालक समेत अन्य के बयान दर्ज किए गए। साथ ही हमलावरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है गोली चलने की सूचना पर उत्तर मध्य विधानसभा से विधायक अभिलाष पांडेय भी मौके पर पहुंच गए थे।

वेटर ने जड़ा था थप्पड़, गोलू ने बदला लेने चलाई गोलियां

प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आ रही कि दो अक्टूबर को गोलू विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ होटल में खाना खाने पहुंचा था इस दौरान किसी बात को लेकर होटल के वेटर से उसका विवाद हो गया था। इसे बाद वेटर ने गोलू को सबके सामने थप्पड़ जड़ दिया था। मामले की शिकायत होटल मैनेजर से की गई थी लेकिन मैनेजर ने वेटर का पक्ष लिया और ग्राहक को भगा दिया था। जिसके बाद गोलू ने बदला लेने योजना बनाई और दोस्त आकाश के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है।

14 से चलेगी मुज़फ़्फ़रपुर-चर्लपल्ली अमृत भारत

जबलपुर, नवभारत। रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु अमृत भारत ट्रेन मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-चर्लपल्ली-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन सप्ताहिक एक्सप्रेस के मध्य एक नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई है। इस नई अमृत भारत ट्रेन का नियमित संचालन प्रत्येक मंगलवार को 14 अक्टूबर से मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन और प्रत्येक गुरुवार को 16 अक्टूबर से चर्लपल्ली स्टेशन से प्रारम्भ होगी। यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी। नई अमृत भारत ट्रेन मिलने से जबलपुर वासियो को

उत्तर और दक्षिण दिशा में सफर करने में सहूलियत मिलेगी।

ये रहेगा टाइम टेबल

जानकारी के मुताबिक़ गाड़ी संख्या 15293 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-चर्लपल्ली सप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन 14 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार अपने प्रारम्भिक स्टेशन मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से सुबह 10ः40 बजे रवाना होकर, अगले दिन बुधवार सतना मध्यरात्रि 00ः50 बजे, कटनी 02ः25 बजे, जबलपुर 03ः50 बजे, नरसिंहपुर 05ः03 बजे, पिपरिया 06ः13 बजे, इटारसी 08ः00 बजे पहुँचकर और बुधवार को रात्रि 23ः50 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। वही वापसी में गाड़ी संख्या 15294 चर्लपल्ली-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन सप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस 16 अक्टूबर से प्रत्येक गुरुवार अपने प्रारम्भिक स्टेशन चर्लपल्ली से भोर 04ः05 बजे रवाना होकर, इटारसी रात 19ः35 बजे, पिपरिया 20ः36 बजे, नरसिंहपुर 21ः36 बजे, जबलपुर रात्रि 23ः40 बजे, पहुँचकर अगले दिन शुक्रवार कटनी मध्यरात्रि 00ः55 बजे, सतना 02ः20 बजे पहुँचकर और शुक्रवार को सायं 17ः00 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन पहुंचेगी।

पहले दिन 1153 किसानों ने जनरेट किए ई-टोकन

कुल 81.915 मीट्रिक टन उर्वरक का हुआ उठाव

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू हुई उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली की अच्छी शुरूआत हुई है। नई व्यवस्था लागू होने के पहले दिन सोमवार 6 अक्टूबर को 1 हजार 153 किसानों द्वारा ई-टोकन जनरेट किये गये तथा डीएपी एवं एसएसपी का उठाव भी शुरू कर दिया गया है।

उप संचालक कृषि डॉ. एस के निगम ने बताया कि उर्वरक वितरण की इस नई व्यवस्था के पहले दिन सोमवार को ई-टोकन के माध्यम से किसानों द्वारा कुल 81.915 मीट्रिक टन उर्वरक का उठाव किया गया है। उन्होंने बताया कि किसानों को ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली की जानकारी देने जिले के सभी विकासखंडों में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय एवं सभी डबल लॉक केन्द्रों में हेल्प डेस्क बनाये गये है, जहां किसानों को ई-टोकन जनरेट करने में मदद की जा रही है। इनके अतिरिक्त एमपी ऑनलाईन कियोस्क पर भी किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

रद्दी चौकी में लगा घंटों तक ट्रैफिक जाम

जिम्मेदार नदारद, जनता खुद खोज रही रास्ता

नवभारत,जबलपुर। रद्दी चौकी क्षेत्र में मंगलवार शाम को यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। मुख्य चौराहे पर घंटों तक लंबा ट्रैफिक जाम लगा रहा, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि इस जाम के दौरान जिम्मेदार प्रशासनिक या यातायात विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नजर नहीं आया।

जब ट्रैफिक पुलिस नदारद रही, तब स्थानीय लोगों ने स्वयं मोर्चा संभाला। राहगीरों और कुछ जागरूक नागरिकों ने मिलकर जाम में फंसे वाहनों को दिशा देते हुए धीरे-धीरे रास्ता खुलवाया।

ऑटो और ई- रिक्शा की धमाचौकड़ी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जाम का मुख्य कारण यहां ऑटो और ई- रिक्शा की धमाचौकड़ी है। जो चौराहे के चारों तरफ सड़क पर खड़े होकर सवारी उतारने और बैठाने का काम करते हैं, जिसके कारण यहां वाहनों को निकलने में काफी परेशानी होती है। जिसके कारण रोजाना ही जाम की स्थिति बन जाती है।

भड़पुरा घाट में मिली दोनों पैर बंधी लाश

जबलपुर। चरगंवा थानाअंतर्गत भड़पुरा घाट में एक वृद्ध का शव मिला। मृतक के दोनों पैर गमछा से बंधे हुए हैं। जिससे आशंका जाहिर की जा रही है कि हत्या कर शव को नदी में फेंका गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है मृतक कौन है और कहां के रहने वाला है इसका पता नहीं चल सकता है।पुलिस शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

पुलिस के मुताबिक गिरधारी चढार 32 वर्ष निवासी ग्राम भड्पुरा ने बताया कि वह ग्राम कोटवारी एवं किसानी का काम करता है नर्मदा नदी भडपुरा घाट पर गया था घाट के पास एक शव उतराता हुआ दिखाई दिया अज्ञात मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष होगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को बाहर निकाला गया। शव एक सप्ताह पुराना लग रहा है और उसके दोनों पैर गमछा से बंधे हुए थे। पुलिस शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये थानों में दर्ज गुमशुदगी रिकॉर्ड को खंगाल रही है ताकि मृतक की शिनाख्त हो सके। थाना प्रभारी अभिषेक प्यासी ने बताया कि नर्मदा तट पर साधु संत जल समाधि लेते है मृतक के भी साधु होने की आशंका है मामले की जांच चल रही है जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

बैंक डकैती : मददगार को सागर से गिरफ्तार कर लाई पुलिस

जबलपुर। खितौला स्थित ईसाफ स्मॉल फायनेंस बैंक में 11 अगस्त को डकैती डालकर 14 किलो 875 ग्राम सोना और नगद 5 लाख 8 हजार रूपए लूटकर ले जाने के मामले में पुलिस ने एक और डकैतों के मद्दगार को सागर से गिरफ्तार कर लिया जिसे पुलिस शहर लेकर आ गई है। विदित हो कि 11 अगस्त 2025 को थाना खितौला, जिला जबलपुर स्थित ईसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में डकैती पड़ी थी। 5 डकैतों की पहचान कर 3 को गिरफ्तार किया जा चुका है। 23-24 सितम्बर को बिहार के गया जिले के डुमरिया थाना के कोलुबरा के रहने वाले जहांगीर आलम अंसारी और शेरघाटी के हरिओम ज्वेलर्स के मालिक हरिप्रसाद सोनी को गिरफ्तार किया था। जबकि 28 सितम्बर को बिहार के गया जिले के आमस थाना के बेलखेड़ा गांव के रहने वाले गोलू पासवान को दबोचा गया गया था गोलू के एक अन्य साथी उमेश पासवान की गिरफ्तारी 19 सितम्बर को की गई थी। आरोपियों से अब तक लगभग 400 ग्राम सोने जब्त हो चुका है।

इंद्राना से दमोह तक की थी डकैतों की मद्द

डकैतों का मददगार बबलू उर्फ बाबू सिंह लोधी पिता शिवराज सिंह लोधी, निवासी उडना करैया, पाटन घटना दिनांक से फरार चल रहा था। लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली आरोपी देवरी, जिला सागर में छिपा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए देवरी, जिला सागर से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने पूर्व में गिरफ्तार डकैत राजेश दास एवं उसके अन्य साथियों को इंद्राना से दमोह तक पहुंचाने में सहयोग किया था एवं वह डकैती में शामिल अन्य आरोपियों के साथ सीसीटीवी फुटेज में भी दिखाई दिया था।

40 हजार नगद भी जब्त

आरोपी से पुलिस द्वारा 40 हजार रूपये नगद एवं घटना दिनांक को पहने हुये कपड़े जप्त किए गए हैं। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व से व्यपहरण, झगड़े, आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज हैं।

आज पालनाघर ,परमिट सिस्टम समेत अन्य सौगात देंगे ऊर्जा मंत्री

बिजली विभाग की समीक्षा करेंगे, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं का होगा सम्मान

जबलपुर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का मंगलवार की रात 10 बजे गोटेगांव से जबलपुर आगमन हुआ। ऊर्जा मंत्री जबलपुर प्रवास के दौरान बुधवार 8 अक्टूबर को शक्ति भवन प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कार्यक्रम के अनुसार श्री तोमर बुधवार की सुबह 10 बजे शक्ति भवन प्रांगण में पालनाघर का शुभारंभ करेंगे। ऊर्जा मंत्री सुबह 10.25 बजे एनओएमसी का एवं सुबह 10.40 बजे आनलाईन परमिट सिस्टम का उद्घाटन करेंगें। वे सुबह 11 बजे आईटी पार्क में 1912 निदान कॉल सेंटर का एवं क्विक हेल्प डेस्क का तथा सुबह 11.10 बजे वी-मित्र एप का शुभारंभ करेंगे। श्री तोमर सुबह 11.20 बजे 1912 निदान कॉल सेंटर में नियुक्त दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं के सम्मान कार्यक्रम में शामिल होंगे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर बुधवार की सुबह 11.40 बजे से शक्ति भवन बोर्ड रूम में मध्यप्रदेश पावर जनरेशन कंपनी की, दोपहर 12.10 बजे से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की एवं दोपहर 12.30 बजे से मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे तथा दोपहर 1.15 बजे से जबलपुर जिले के सभी विधायकों एवं महापौर के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक लेंगे। श्री तोमर दोपहर 3 बजे कार द्वारा जबलपुर से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

केन्द्रीय कृषि मंत्री का आगमन आज

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का बुधवार 8 अक्टूबर को दोपहर 3.10 बजे नई दिल्ली से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। श्री चौहान दोपहर 3.15 बजे डुमना एयरपोर्ट से कार द्वारा गोटेगांव के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम 6.45 बजे वापस डुमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। शाम 7 बजे डुमना एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा नई दिल्ली रवाना होंगे।

गिरा ट्रेस, बाइक सवार युवक गंभीर

नवभारत,जबलपुर। गढ़ा दशहरा चल समारोह में हुए ट्रेस गिरने के बाद अब मंगलवार दोपहर को गोराबाजार चौक के पास ट्रेस गिर गया जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि टेमरभीटा निवासी जुग्गूपटेल (उम्र 48 वर्ष) नामक युवक घर से सदर बाजार जाने निकला था। वह जैसे ही गोराबाजार चौक स्थित पीके कम्युनिकेशन के पास पहुंचा उसके ऊपर भारी भरकर लोहें का ट्रस आ गिरा। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं हैं।हादसे में कई दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों द्वारा घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल विक्टोरिया ले जाया गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही गढ़ा दशहरा चल समारोह के दौरान गुलौआ चौक के पास लोहे का ट्रेस अचानक भरभराकर गिर गया था जिसमें श्वेता वर्मा नामक महिला की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। इस घटना में टेंट कर्मचारियों की लापरवाही भी सामने आई थी।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57